Website : www.fgc.edu.in E-mail : ferozegandhicollege@yahoo.in

# FEROZE GANDHI COLLEGE

Kutchery Road, Rae Bareli - 229001 (U.P.)
(A Post-graduate College associated with the University of Lucknow)
NAAC Accreditation Grade 'A'

**Dr. Manoj Kumar Tripathi**
M.Sc.(Ag.) ENT, NET, Ph.D.
Professor Entomology
**Principal**

Residence:
Super Market
Near Agrawal Tyres
Rae Bareli-229001
Email: tripathi.manoj413@gmail.com

दिनांक :21.10.2024

## प्रेस विज्ञप्ति

फीरोज गॉधी कॉलेज, रायबरेली मे महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा तथा नन्दी फाउण्डेशन के सयुंक्त तत्वाधान मे छात्राओं के लिए 12 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन आज दिनॉक 21.10.2024 को प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला का संयोजन डॉ0 प्रवेश कुमार तथा समन्वयक डॉ0 शामिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी ने छात्राओं को लगातार नये कौशल सीखते रहने के लिए प्रेरित किया जिससे उनकी विशिष्टता विकसित हो। चीफ प्राक्टर डॉ0 अरविन्द सिंह ने छात्राओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु कौशलयुक्त शिक्षापरक बनने के लिए अभिप्रेरित किया तथा यह भी बताया कि उनकी क्षमताओं का प्रभावी समायोजन ही प्रमुख लक्ष्य है, एव आशा जताई की यह कार्यशाला इन लक्ष्यों को पाने में सार्थक सिद्ध हो। कार्यशाला की समन्वयक डॉ0 शामिनी श्रीवास्तव ने कहा कि यह वर्कशाप छात्राओं के जीवन का टर्निंग प्वाइंट होगा एवं प्रतिभागियों के आरम्भिक व्यवसायिक कौशल विकास में सहायक होगी। प्रशिक्षक श्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस कार्यशाला से आपके आने वाले जीवन में लक्ष्य को चुनने में आसानी होगी। कार्यशाला संयोजक डॉ0 प्रवेश कुमार ने कहा कि यह कार्यशाला छात्राओं को अपने व्यवसायिक चयन एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगी। उद्घाटन सत्र का संचालन करते हुए डॉ0 विष्णुशरण त्रिपाठी ने छात्राओं से राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति का योगदान करने का आवाहन किया। इस अवसर पर बी0ए0,बी0एस–सी0 एवं बी0काम0 पंचम सेमेस्टर तथा एम0ए0,एम0काम एवं एम0एस–सी0 तृतीय सेमेस्टर की छात्रायें उपस्थित रहे।

21/10/24

(प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी)

PRINCIPAL
Fe[illegible]e Gandhi College
[illegible]ae Bareli (U.P.)